colouring agent for vanaspati *vide* Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Cooperation (Depart ment of Food) Resolution No. 1-67/65-Sugar dated the 12th May, 1969, a copy of which was laid on the Table of the Sabha on the 24th July, 1969.

Pursuant to this decision, the laboratories engaged in these researches as well as other laboratories have been requested to continue their efforts for finding a colour for vanaspati.

**उर्वरकों का वितरण करने की प्रणाली में सुधार करने के लिये कार्यवाही**

*919. **श्री रघुवीर सिंह शास्त्री :** क्या **खाद्य तथा कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार उर्वरकों का वितरण करने की प्रणाली में सुधार करने के लिये उपाय करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बधी यौरा क्या है ?

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिंदे) :** (क) उर्वरकों के वितरण की चालू प्रणाली के अन्तर्गत निर्माताओं को अपनी इच्छानुसार व्यापारियों के द्वारा उर्वरकों के विपणन की स्वतंत्रता है । व्यापारियों को लाइसैंस देने की प्रणाली को बदल कर पंजीकरण की उदार प्रणाली को अपनाया गया है ताकि कृषकों की सेवा के लिये सम्भावित अधिक से अधिक व्यापारियों की संख्या हो । केन्द्रीय उर्वरक पूल राज्यों को 60 दिन के उधार पर रेल पर्यन्त अखिल भारतीय समान मूल्य पर उर्वरक वितरण करता है । निजी व्यापारी भी केन्द्रीय पूल से उर्वरक ले सकते हैं । अभी तक यह प्रणाली वितरण के ढंग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पर्याप्त समझी जाती है और उपरोक्त प्रणाली को संशोधित करने के लिये सरकार किसी मुख्य उपाय पर विचार नहीं कर रही है ।

(ख) प्रश्न नहीं होता ।

**Rehabilitation of Fishermen Families of East Pakistan Camping at Delhi Station**

*920. SHRI YASHPAL SINGH: Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether more than 100 families of fishermen of East Pakistan are camping at Delhi Station for resettlement near the river or the sea; and

(b) if so, what action is proposed to be taken in the matter?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD): (a) No, Sir. There are only twenty-nine families.

(b) As there was no fishery scheme on which these families could be resettled and as they had themselves opted for agricultural resettlement, about one and a half years back, they have been advised to go back to the Dandakaranya Project where they had been sent for resettlement. The families have also been assured that all possible help would be provided to enable them to rehabilitate themselves fully.

**टेलीफोन सेवा के विस्तार के लिऐ टेलीफोन केबल का उत्पादन बढ़ाने के लिऐ कार्यवाही**

*921. **श्री महाराज सिंह भारती :** क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि टेलीफोन केबलों का उत्पादन उनकी मांग से कम है जिसके परिणामस्वरूप टेलीफोन सेवा के और आगे विस्तार में बाधा पड़ी है ; और

(ख) यदि हां, तो टेलीफोन केबलों का उत्पादन बढ़ाने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ताकि उनकी मांग पूर्णतः पूरी हो सके ?

**सूचना तथा प्रसारण और संचार मंत्री (श्री सत्य नारायण सिंह) :** (क) जी हां ।

(ख) मैसर्स हिन्दुस्तान केबल मिलिटेड की टेलीफोन केबल के निर्माण की मौजूदा क्षमता का विस्तार किया जा रहा है । मौजूदा यूनिटों